उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

आयोग भवन, हरिद्वार–249404

दूरभाष : 01334–244282, फैक्स : 244282

वैबसाइटः www.psc.uk.gov.in

पत्रांक :: 28/77/उ.कु.प्रसा./स0रा0 अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2024/गोपन–3/2025–26 दिनांक : 27 मई, 2025

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है दिनांक : 11 मई, 2025 को आयोजित **सम्मिलित राज्य सिविल/अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2024 की प्रारम्भिक परीक्षा के प्रश्न–पत्र– सामान्य अध्ययन एवं सामान्य बुद्धि परीक्षण** की चारों सीरीज (A, B, C & D) की औपबन्धिक उत्तरकुंजी को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की वेबसाइट **www.psc.uk.gov.in** पर अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रसारित कर दिया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को चारों सीरीज के किसी प्रश्न एवं उत्तर विकल्प पर कोई आपत्ति है तो वह आयोग की वेबसाईट पर **Online Answer Key Objection** हेतु दिये गये लिंक पर जाकर अपनी आपत्तियों को आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार **दिनांक : 28 मई, 2025 से 03 जून, 2025 (समय रात्रि के 23:59:59 बजे तक)** तक दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान करना होगा।

आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक **Online Answer Key Objection** के अतिरिक्त ई–मेल, डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थी द्वारा अन्तिम तिथि के उपरान्त प्रेषित आपत्तियों तथा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान नहीं किये जाने की दशा में प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उत्तर कुंजी के सापेक्ष आपत्ति दर्ज किये जाने से पूर्व आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध दिशा–निर्देश सम्बन्धी विस्तृत विज्ञप्ति **पत्रांक :: 27/77/उ.कु.प्रसा./स0रा0 अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2024/गोपन–3/2025–26 दिनांक : 27 मई, 2025** का अध्ययन अवश्य कर लें।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।